# राष्ट्रीय स्तर पर चमकेंगे जुन्नारदेव के खिलाड़ी

## ओड़िशा रवाना हुए मीत नयन और अम्बर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** खेल प्रतिभा के क्षेत्र में एक बार फिर छिंदवाड़ा जिले के का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन होने जा रहा है। जिले के विकासखण्ड जुन्नारदेव के उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 12वीं के दो होनहार खिलाड़ी मीत नयन निवारे और अंबर यदुवंशी टेनिस वॉलीबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। 1 से 3 मई तक ओडिशा के पारादीप में आयोजित इस यूथ टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी भाग लेंगे। मंगलवार को दोनों खिलाड़ी पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन से ओडिशा के लिए रवाना हुए।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, एस.डी.एम. सुश्री कामिनी ठाकुर और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सत्येंद्र सिंह मरकाम ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य सी.एस. दीक्षित एवं समस्त शिक्षकों ने भी मीत नयन और अंबर को आशीर्वाद दिया तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

जिला क्रीड़ा अधिकारी (ट्राईबल) अनुरोध श्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव से पूर्व में भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों से खिलाड़ी लगातार न केवल विभागीय बल्कि फेडरेशन की प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर जिले और विभाग को गौरवान्वित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में ओपन डॉज बॉल प्रतियोगिता में भी विभाग के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आगामी समय में जिले के सभी विकासखंडों में खेल प्रतिभा खोजने हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें ऊँचे स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचाया जा सके।

चयनित खिलाड़ियों को न केवल स्कूल और प्रशासन के विद्यार्थी, अधिकारियों ने बधाई दी अपितु पूरे जुन्नारदेव क्षेत्र की जनता ने भी होनहार विद्यार्थियों के चयन होने पर उन्हें शुभकामनाऐं देकर शुभाशीष प्रदान किया विजयश्री के लिए।



# रसोई गैस के बढ़े दामों के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महंगाई के इस दौर में भाजपा की सरकार ने रसोई गैस के दाम बढ़ाकर महिलाओं को एक और तोहफा दिया। चुनाव से पहले भाजपा ने वादा किया था 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने का, किन्तु सीधे 50 रुपए की मूल्य वृद्धि कर एक बार फिर सरकार ने यह साबित कर दिया कि भाजपा जो कहती है वह कभी करती नहीं। सरकार का यह कदम महिलाओं के विरोध में है। जिला महिला कांग्रेस ने रसोई गैस के बढ़े हुए दामों का परासिया में पुरजोर विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने पंद्रह माह की कांग्रेस सरकार में कभी मातृशक्ति पर महंगाई का बोझ नहीं पड़ने दिया। महिला कांग्रेस लगातार रसोई गैस के बढ़े हुए दामों का विरोध कर रही है।

जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष किरण चौधरी ने परासिया में गैस के दाम घटाओं, महिलाओं का बजट बचाओ रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल झूठी घोषणाएं व वायदें करती है। चुनाव आते ही भाजपा को महिलाओं की याद आती है और चुनाव होते ही घरेलू सामग्री के दाम बढ़ाने की याद करती है।

परासिया पुलिस थाना के समीप से अंबेडकर चौराहे के निकट हुए इस आंदोलन में बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। महिलाओं ने न केवल चूल्हे पर पोहा बनाकर



विरोध दर्ज किया बल्कि सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपना गुस्सा व्यक्त किया। महिला नेत्रियों ने चौराहे पर बैठकर नाश्ता बांटा।

इस दौरान परासिया महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य महिलाओं ने भी सम्बोधित किया।

## सार समाचार

### नपा अमरवाड़ा में नौ सड़क निर्माण हेतु एक करोड़ की निविदा जारी

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** नगरपालिका अमरवाड़ा के विभिन्न वार्डो में सीमेंट कांक्रीट और डामरीकृत सड़को के निर्माण हेतु नपा अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी के प्रयासों से एक करोड़ रुपये की नौ सड़क निर्माण की निविदा जारी की गई है। जानकारी देते हुए लोक निर्माण सभापति कल्पना सतीश साहू ने बताया नगर के सात वॉर्डो में उक्त सड़क निर्माण कार्य कराए जायगे जिसमे वार्ड. 01 और 09 में 19 लाख 46 हज़ार की लागत से सिविल लाइन से देवीलाल पटेल के घर तक डामरीकृत सड़क, वार्ड.03 में 10 लाख 11 हज़ार लागत से फ़िरोज ख़ान से अमजद ख़ान तक सीसी रोड, वार्ड- 04 में 16 लाख 84 हज़ार की लागत से राधेश्याम कुशवाहा से दुर्गा वंशकार तक सीसी रोड, वार्ड.04 में 07 लाख 56 हज़ार लागत से साईंलाल यादव से कैलाश डेहरिया तक सीसी रोड, वार्ड.04 में 08 लाख 51 हज़ार की लागत से सुक्कू क़हर से श्रीचंद से कैलाश डेहरिया तक सीसी रोड, वार्ड- 03 और 04 में 20 लाख 34 हज़ार की लागत से प्रकाश ठाकुर से संदीप नेमा से मोक्षधाम से खमरा रोड तक सीसी रोड, वार्ड- 08 में 11 लाख 21 हज़ार लागत से गुप्ता होटल से अमित नेमा तक डामरीकृत सड़क, वार्ड.10 में 10 लाख 22 हज़ार लागत से सचिन जैन से गलझरिया तक सीसी रोड, वार्ड. 11 और 12 में 10 लाख 97 हज़ार लागत से आदिवासी चबूतरा से सतीश राजपूत से जावेद ख़ान तक डामरीकृत सड़क निर्माण कराये जाने ऑनलाइन निविदा जारी की गई है। दिनेश नेमा ने बताया कि यह कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा अमरवाड़ा के नागरिको के हित में कराया जा रहा है।

### स्कूलों का निरीक्षण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस साईंखेड़ा बीईओ प्रतुल इंदुरख्या एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने क्षेत्र के ग्राम चिरहकला, बिछुआ, खकरिया, थरेरी एवं कीरखेड़ा की शालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कक्षा पहली, छटवी एवं नवमी में नामांकन की जानकारी ली एवं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की उपस्तिथि बढ़ाने के साथ साथ बेहतर नवाचार के माध्यम से शिक्षा देने की अपील की। इस अवसर पर बिछुआ में प्राचार्य सतीश नाईक सहित स्कूलों के शिक्षक उपस्थित रहे।

### विद्यालय में की प्रतिमा स्थापित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूखाखैरी में शिक्षकों के सहयोग से मां सरस्वती देवी की स्थापना की गई। विदित हो कि विद्यालय स्टॉफ के सहयोग से उक्त कार्य संभव हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल, श्रीमति शालिनी जगेत, डॉक्टर संदीप मेहरा, सोनू कुमरे, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, प्रतिपाल सिंह राजपूत, श्रीमति रजनी जगैत, दिलीप सिंह, श्रीमति रेनू राठौर, रामजी ठाकुर, रामकिशोर चौधरी एवम सभी अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

### पेंशनरों ने किया सुंदर कांड पाठ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पेंशनरों द्वारा बजरंग बाटिका में पूजन कर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ पहलगाम हमले में मृत पर्यटकों की आत्मा की शांति हेतु किया गया द्य पाठ का आयोजन आशा सोनी के सहयोग से किया गया द्य मंदिर के सदस्यों द्वारा पाठ के आयोजन में पूर्ण सहयोग किया गया द्य पाठ के आयोजन में पी एस तिवारी मनोहर लाल आरसे जमना प्रसाद सोनी, जगदीश दुब, महेश नेमा, रमेश शर्मा, पीताम्बर प्रसाद शर्मा, सीबी शर्मा, एलएन दीक्षित, एमएस रघुवंशी, आरएस द्विवेदी, आशा शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, अरविन्द दुबे आदि पेंशनर उपस्थित रहे।

### श्रम मंत्री का दौरा कार्यक्रम जारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार 30 अप्रैल को जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री पटेल बुधवार 30 अप्रैल को सागर से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे जिले के करेली आयेंगे। वे यहां श्री दीना ओसवाल जी के वृत पारायण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 1.30 बजे से करेली से प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे शिव मंदिर प्रांगण सालीचौका आयेंगे। वे यहां लोधी क्षत्रिय समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद कंछेदीलाल अग्रवाल के निवास पर भेंट करेंगे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत, दो घायल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दमुआ सारणी मार्ग पर रविवार को भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों को गंभीर चोंट आई है। जिनका प्रथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एस.आई. तरूण मरकाम ने बताया कि राखीकोल निवासी 50 वर्षीय दीवाकर दास अपने साथी के साथ दमुआ से घर जा रहे थे वहीं दूसरी तरफ से पिंडरई निवासी 38 वर्षीय अशोक अपने साथी के साथ सड़क से सामने से आ रहे थे सारणी मार्ग पर दोनों बाईक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दीवाकर और अशोक की मौत हो गई वहीं दो घयलों की हालत गंभीर है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में ले लिया है।

बता दें कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं में एक पखवाड़े में लगभग एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है चाहे सिंगोड़ी हो, दूल्हादेव घाटी हो, भुमका घाटी हो, घाट परासिया हो या फिर जुन्नारदेव का ईलाका हो। यहां दुर्घटनाऐं हो रही है और लोग काल के गाल में समां रहे है।



# तुअर फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि अब 15 मई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 विपणन वर्ष 2024-25 में ई-उपार्जन पोर्टल पर तुअर पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 से बढ़ाकर अंतिम तिथि 15 मई 2025 कर दी गई है। समर्थन मूल्य पर तुअर की उपार्जन नीति के अनुसार समर्थन मूल्य रूपये 7550 प्रति क्विंटल पर तुअर फसल का उपार्जन 10 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो गया है जो 10 जून 2025 की अवधि तक किया जाएगा।

तुअर फसल का पंजीयन 15 मई 2025 तक निर्धारित किये गये पंजीयन केन्द्रों सहकारी विपणन संस्था मर्यादित छिंदवाड़ा, सेवा सहकारी समिति नेर, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित चौरई, सेवा सहकारी समिति चांद, मोहखेड़ सेवा सहकारी समिति उमरानाला, सेवा सहकारी समिति बदनूर, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित अमरवाड़ा, सेवा सहकारी समिति हर्रई, सेवा सहकारी समिति बटकाखापा, सेवा सहकारी समिति परासिया आदि।

# जय भीम सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में ओबीसी महासभा, अखिल गोंडवाना महासभा, मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद, किसान मजदूर संघ ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते समय पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद का नारा लगाया और ज्ञापन दिया।

जिला जय भीम सेना संठगठन के जिलाध्यक्ष शिवम पहाड़े ने बताया कि एक सभ्य समाज के लिये शर्मशार करने वाली घटना है और हम पर्यटकों को अपनी ओर से श्रद्धांजली अर्पित करते हुये पीड़ित परिवारों को आश्वासन देते है कि दुख की घड़ी में संपूर्ण देश और हमारा संगठन भी उनके इस संघर्ष और इस दुख की घड़ी में उनके साथ है।



उन्होनें ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया है कि देश के दुश्मनों और सीमा पार से चल रहे पाकिस्तान आतंकवादियों के समस्त कैंपो को तत्काल ध्वस्त किया जावे एवं पड़ोसी देश पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाये कि दोबारा इस तरह की घटना घटित करने से पहले उसकी रूह कांप उठे, साथ समस्त संगठनों ने मांग की है कि हमारे देश के निहत्थों की जान लेने वाले आतंकवादियों को तत्काल पकड़कर उन्हे सार्वजनिक फांसी दी जाये और आतंकवाद के समूल विनाश के लिये निर्णायक कदम उठाए जाएँ एवं मासूमों के खून की हर बूंद का हिसाब लिया जाये।

इस घटना में जितने भी पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई है उन सभी पर्यटकों को शहीद का दर्जा दिया जावे एवं प्रत्येक परिवार को एक-एक करोड़ रूपये मुआवजा दिया जावे। हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं और भारतीयता हमारी पहचान है। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवम पहाड़े, लोधी विपिन वर्मा, रमेश उइके, शैलेन्द्र मर्सकोले, एड. श्याम शिवहरे, गनपत यदुवंशी, मुनीराज रघुवंशी, राजकुमार खड़से आदि

# सांसद के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में कटा केक





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के सांसद विवेक बंटी साहू का जन्मदिवस सेवा कार्य यानि जनसेवा के रूप में अनुयायियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। विवेक बंटी साहू प्रात:काल से ही माता पिता का आशीर्वाद प्राप्त कर मठ, मंदिरों में माथा टेका फिर वृद्धाश्रम में पहुंचकर केक कांटा तो जिला अस्पताल में फलों का वितरण किया गया।

अपनों के बीच पहुंचकर सांसद ने आशीर्वाद लिया। बधाई देने के लिए जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, आमजनों के साथ साथ पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी भी पहुंचे और अपने सांसद को जन्मदिवस के अवसर पर दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान प्रेस के साथियों ने भी उनके कार्यालय पहुंचकर शुभकामनाऐं प्रेषित की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा-पांढुर्णा जिले के सांसद बंटी विवेक साहू के जन्म दिवस को जन सेवा दिवस के रूप में मनाने के संकल्प के साथ भाजपा में राम मंदिर नगर मंडल तीन ने सांसद के स्वस्थ्य, यशस्वी और दीर्घायु जीवन की कामना के लिए कामना की।

## अस्पताल में बांटे फल

प्रात: 8:00 बजे से मंदिर परिसर स्वच्छता अभियान में श्री श्रीराम मंदिर छोटी बाजार से प्रारंभ कर श्री बड़ी माता मंदिर, श्री छोटी माता मंदिर, मेन रोड, श्री महागौरी मंदिर, सरदार बिल्डिंग, बुधवारी बाजार, श्री माता मंदिर बरारीपुरा, श्री दुर्गा माता मंदिर कोलाढ़ाना, श्री माता मंदिर चंदन गांव के समक्ष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसके पश्चात प्रात: 11 बजे चंदनगांव गौशाला में गौ सेवा कर गौ माता को गुड़, पत्ता गोभी, घास खिलाया और एक ट्राली भूसा, एक ट्राली पत्ता गोभी गौ शाला को दी गई, तत्पश्चात 11:30 बजे से जिला चिकित्सालय में जाकर मरीजों को फल सेब केले का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सांसद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान किया गया जहां शासकीय जिला चिकित्सालय की टीम उपकरण के साथ रक्त को सुरक्षित रखा। इसके पश्चात वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ केक कांटा जहां सांसद को वृद्धाश्रम में दीर्घायु होने की कामना की गई।

इस दौरान सांसद कार्यालय के सामने पंडाल में भारी संख्या में लोग उपस्थित होकर सांसद विवेक बंटी साहू को बधाईयां दी। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट के सामने मैदान में पेयजल संकट से निपटने के लिए नगर पालिक निगम को टैंकर भी उपलब्ध करवाऐं गए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनके साथ उपस्थित थे और अपने सांसद को पुष्पमाला के साथ गुलदस्तें देकर उन्हें बधाइयां प्रेषित की गई।

# सिंगोड़ी सुनार नाला की सफाई देखने पहुंचे कलेक्टर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नदियों की सफाई तथा पानी को रोकने के लिए कार्य किया जा रहे हैं उसी के अंतर्गत अमरवाड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली सबसे बड़ी पंचायत ग्राम पंचायत सिंगोड़ी एवं खाकरा चौरई के द्वारा सिंगोड़ी सुनार नाला में जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत नदी की सफाई एवं पानी को रोकने के लिए बोरी बांध का निर्माण कराया गया जिसका निरीक्षण कल 29 अप्रैल 25 को जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया।

सिंगोड़ी सरपंच कपिल ठाकुर, खखरा चौरई सरपंच विजय चंद्रवंशी, नंदोरी सरपंच लेखराम इवनाती, हरि नागवंशी सरपंच कोल्हिया के सहयोग से एवं सिंगोड़ी पंचायत सचिव बसंत वर्मा सहायक सचिव सुलेमान अंसारी, कमलेश सोनी, खकरा चौरई उपसरपंच विकेश कहार एवं अन्य ग्रामवासियों के जनसहयोग के माध्यम से कार्य किया गया।

# जनसुनवाई में आए110 आवेदन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 29 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 110 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।



जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम बनगांव की सुखवती ने जमीन के राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त करने, अमरवाड़ा के राजकुमार ठाकरे ने प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त की राशि दिलाने, ग्राम मोरखा के रघुवीर धुर्वे ने पहाड़ी क्षेत्र की जमीन को समतलीकरण करने, ग्राम रंगीनखापा के गंगा प्रसाद विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिलाने, ग्राम सारना के श्रीराम नागवंशी ने पेंशन प्रकरण स्वीकृत कराने, ग्राम मदरसा चिखलार के ग्रामवासियों ने सिंचाई के लिये विद्युत लाईन का विस्तार एवं कनेक्शन प्रदाय करने, ग्राम इकलहरा के संतोष डेहरिया ने प्राधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान के लिये जमीन दिलाने, ग्राम बोरिया के राजकुमार ने कृषि भूमि के दस्तावेजों में नाम सुधार करने, तामिया के छब्बीलाल अहिरवार ने अर्जित अवकाश नगदीकरण दिलाने, ग्राम बोरगांव के धीरलाल पन्द्राम ने कॉलेज की छात्रवृत्ति दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर- 35 पंचवती यादव ने जमीन का पट्टा दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार व संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुए।

# चारगांव में कुएं के आसपास चलाया सफाई अभियान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा की नवांकुर संस्था सिद्धि विनायक नगर विकास समिति पंजी संस्था आदर्श फाउंडेशन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंर्तगत ग्राम चारगांव के कुआं के आसपास की साफ सफाई की गई।

ग्रामवासियों को हो रही पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चारगांव की अध्यक्ष द्वारा विचार व्यक्त किया गया ग्राम के सरपंच ने भी अपनी बात को प्रमुखता से रखा कि ग्राम में सिर्फ एक ही शासकीय कुआं है उसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता है।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के परामर्श दाता लता नागले ने ग्रामीणों को जल संरक्षण संवर्धन अभियान की जानकारी दी और सभी से अपील की है कि वर्षा के जल को अधिकाधिक एकत्र करने के लिए स्टॉप डेम वाटर हार्वेस्टर का निर्माण करें। संस्था अध्यक्ष महेश कुमार बंदेवार ने जन सहयोग से जल संरक्षण संवर्धन अभियान में कुआं, बावली, नदी नाले की साफ सफाई करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था सिद्धि विनायक नगर विकास समिति छिंदवाड़ा के अध्यक्ष महेश बंदेवार, परामर्शदाता लता नागले, ग्राम पंचायत चारगांव के सरपंच रामजी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिव देन कुमारी, विवेक बरकोरिया, राधा, आरती, साधना, लक्ष्मी, श्रीपाल, सुहाना, गोपाल तथा अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सामुदायिक कन्या विवाह, सुबह आठ बजे दशहरा मैदान से निकलेगी दूल्हों की बारात



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय पर सामूहिक विवाह एवं निकाह का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में आयोजित इस आयोजन में कुल 928 जोड़ो का पंजीयन हुआ है। इन 928 दूल्हों की बारात सुबह ठीक 08 बजे दशहरा मैदान से इनर ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेगी। बारात के इनर ग्राउंड पहुंचने पर विधि विधान से विवाह / निकाह सम्पन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रात: 09.30 प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव का जोड़ो से संवाद कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित इस बड़े कार्यक्रम में आगंतुकों के भोजन का प्रबंध भी किया गया है। मंगलवार को कार्यक्रम की तैयारियों को देखने जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने सारी तैयारियों का जायजा लिया।

### आज खुलेंगे निगम के जलकर काउंटर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा पूर्व में मार्च 2025 के जलकर भुगतान हेतु 15 दिन का अतिरिक्त समय उपभोक्ताओं को दिया गया था, जिसकी मियाद आज समाप्त हो रही है। करदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा आज सार्वजिक अवकाश पर सभी जोन के जलकर काउंटर चालू रखने के निर्देश दिए है। करदाता दीनदयाल पानी टंकी, कुकड़ा जगत जोन कार्यालय, लोनिया करबल जोन, चंदनगांव जोन एवं जगन्नाथ जोन में अपने जलकर की राशि का भुगतान कर सकता है। इसके साथ ही आज मार्च 2025 के जलकर की राशि का भुगतान नहीं करने पर पेनाल्टी की राशि अधिरोपित की जाएगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सेक्टर क्रमांक-एक चांदामेटा में बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजीव भावरकर के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 के अंतर्गत विकासखंड परासिया के सेक्टर क्रमांक-1 चांदामेटा में बैठक लेकर जल का महत्व समझाया गया एवं पानी को बचाने के लिए परामर्शदाता मनीष कैथवास ने अनेकों उदाहरण देकर समझाया। ट्रेन में सफर करते समय 20 रूपये में 1 लीटर पानी मिलता है, आने वाली पीढ़ी को यह कितने रूपये में मिलेगी जरा सोचिए, इसलिए जल के संरक्षण एवं संवर्धन की महती आवश्यकता है। उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई व सभी लोगों ने जल बचाओ, जीवन बचाओ, जल जीवन कि आशा है, वरना घोर निराशा है के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस कार्यक्रम में बी.एस.डब्ल्यू. व एम.एस.डब्ल्यू. के छात्र-छात्राए परामर्शदाता मनीष कैथवास व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





# झिरपा के पास गिरा बाइक सवार, घायल को 100 डायल ने पहुंचाया अस्पताल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के थाना माहुलझिर क्षेत्र के झिरपा गाँव के पास एक एक्सिडेंट हो गया है, एक व्यक्ति घायल हो गया है पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 29 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुई।

सूचना प्राप्ति पर तत्काल माहुलझिर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ स.उ.नि. पुरुषोताम ठाकुर, आरक्षक बृज किशोर तोमर, पायलेट संजय चौबे ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल के अनियंत्रित हो जाने से 25 वर्षीय युवक संतोष पिता हेमराज निवासी मीरा कोटा उम्र 25 वर्ष मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गया था।

डायल-112/100 एफ.आर.व्ही. द्वारा घायल को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल तामिया पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायल को समय पर उपचार मिला।

# नोटिस देने पहुंचे सरकारी कर्मचारी पर हमला, मामला दर्ज

## एक पक्षीय कार्रवाई के विरोध में धरने पर बैठी महिलाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत राज टॉकीज क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते तहसील कार्यालय से नोटिस देने पहुँचे एक शासकीय कर्मचारी से मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय क्षेत्रवासियों द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में धरना दिया गया है।



दरअसल इस पूरे मामले में अब तक सामने आया है की फरियादी शबनम खान द्वारा अपनी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसील कार्यालय से चैनमैन मांगू भारिया 48 वर्ष दोपहर 12 बजे मौका निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान जुबेर और वासु अली ने शासकीय कर्मचारी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और दोबारा न आने की धमकी दी।

इसके बाद राजस्व निरीक्षक नजूल हेमचंद माहौरे ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जुबेर एवं वासुअली के खिलाफ शासकीय कार्य मे बाधा डालने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जुबेर को हिरासत में ले लिया।

इस घटना के बाद राज टॉकीज क्षेत्र की कुछ महिलाओं ने कोतवाली थाने में धरना दिया है। महिलाओं का आरोप है कि पुलिस द्वारा एक पक्ष की सुनवाई की गई है। जबकि एक महिला द्वारा आरोप लगाया गया है कि उक्त कर्मचारी ने अपना परिचय न देते हुए घर के अंदर घुसकर अभद्रता कर रहा था, जब विरोध किया गया तो वह महिला का हाथ पकड़ने लगा। फिलहाल खबर लिखे जाने तक दर्जनों महिलाएं धरने पर बैठी हुई थीं।

# केसी बोपचे का सहज-सरल स्वभाव सभी के लिए प्रेरणादायी : कलेक्टर

## अपर कलेक्टर की सेवानिवृति पर विदाई समारोह आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे 36 वर्ष 6 माह 4 दिवस की शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरांत 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। 30 अप्रैल को शासकीय अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को एक दिवस पूर्व कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सभी विभागों के अधिकारियों और कलेक्टोरेट परिसर के कर्मचारियों द्वारा श्री बोपचे को भावभीनी और आत्मीय विदाई दी गई।

सर्वप्रथम कलेक्टर श्री सिंह ने पगड़ी पहनाकर श्री बोपचे का सम्मान किया। जिसके बाद सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर व अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल सहित सभी विभागों के अधिकारियों और कलेक्टर के स्टेनो देवेश शर्मा, सतीश गोंडाने सहित कलेक्टोरेट के सभी कर्मचारियों ने क्रमश: पुष्पगुच्छ और पुष्पमाला से श्री बोपचे का सम्मान किया। जिसके बाद शॉल श्रीफल से सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. पीएन सनेसर द्वारा किया गया।





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु :** प्रथम चित्र में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शीलेन्द्र सिंह अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे के विदाई समारोह में कलेक्टर सभागार में बुके देकर स्वागत करते हुए। इस अवसर पर मध्य में बैठे हुए केसी बोपचे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अपने सेवानिवृत्ति के अंतिम समय तक कार्यालयीन कार्य किया और जिला कलेक्टर के साथ सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में भी अपनी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने अपर कलेक्टर बोपचे की कुशल कार्यशैली सभी अधिकारियों कर्मचारियों से मधुर संबंध बनाए रखने की कला और खुशमिजाज रहते हुए भी कार्यों का पूरी कुशलता से संपादन करने के व्यवहार की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका सहज, सरल, चिंतामुक्त और खुशमिजाज स्वभाव हम सभी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है। ऐसे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने श्री बोपचे को सेवानिवृत्ति के उपरांत भी सभी से जुड़े रहने और स्वस्थ, सुखमय, एवं दीर्घायु पारिवारिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

सी.ई.ओ. जिला पंचायत कुमार ने कहा कि मुझे लगभग 7 माह श्री बोपचे के साथ कार्य करने का अवसर मिला। बिना किसी तनाव के कार्य करने की उनकी शैली काबीले तारीफ और सीखने योग्य है।

उन्होंने जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत और उसका पूरे मनोयोग से उसका आनंद उठाने की शुभकामनाएं दीं। सभी अधिकारियों ने भी श्री बोपचे के सरल, सहज और हंसमुख व्यवहार की सराहना की और उनके साथ कार्य के दौरान के सुखमय अनुभव साझा किए।

श्री बोपचे ने भी अपने कार्यकाल के दौरान के खट्टे मीठे किस्से साझा किए, जिनका सभी ने आनंद उठाया। उन्होंने कलेक्टर श्री सिंह के सहयोग और उनके द्वारा हमेशा कुछ नया करने की प्रेरणा के लिए भी आभार व्यक्त किया, जिससे प्रेरित होकर वे भी सेवानिवृत्ति उपरांत विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करेंगे।

श्री बोपचे ने बताया कि प्रशासनिक सेवा में आने के पूर्व उन्होंने शिक्षक के रूप में पहली शासकीय सेवा ज्वाइन की थी। जिसके बाद मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने उपरांत 27 अक्टूबर 1988 में उन्होंने नायब तहसीलदार के रूप में मंडला जिले में प्रथम नियुक्ति प्राप्त की थी। जिसके बाद तहसीलदार, फिर एस.डी.एम. के पद पर पदोन्नत होकर विभिन्न जिलों में कार्य किया। वर्ष 2023 में अपर कलेक्टर के पद पर उमरिया जिले में स्थानांतरण के कुछ ही समय बाद 1 अगस्त 2023 से वे छिंदवाड़ा में पदस्थ रहे हैं।

कार्यक्रम उपरांत पुष्प वर्षा करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके वाहन तक उनके साथ पहुंचकर उन्हें आत्मीय विदाई दी और उनके सुमधुर व्यवहार के लिए आभार जताया। इस अवसर पर के.सी. बोपचे और उनकी धर्मपत्नी को वाहन से पुष्पवर्षा के साथ ही उनके घर तक पहुंचाया गया, अधिकारी कर्मचारी उनकी बिदाई में भावविभोर दिखे।